आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वैंस आज रात परिवार सहित जयपुर पहुंचेंगे–उनका कई धरोहर स्थलों के दौरे के साथ ही बिजनेस समिट को संबोधित करने का कार्यक्रम है।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल समझौते की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की, कहा–ये समझौता शेखावाटी अंचल में पर्याप्त जल उपलब्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम।
- सिविल सेवा दिवस आज–मुख्यमंत्री उल्लेखनीय कार्य करने वाले सिविल सेवा अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पुरस्कार प्रदान करेंगे।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–प्रदेश में घुमंतू जातियों के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोडने के लिए जल्दी ही चल विद्यालय शुरू किये जायेंगे।

00000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वैंस आज भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी ऊषा वैंस और अमेरिका के कई वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। उपराष्ट्रपति वैंस की यह पहली भारत यात्रा है। वे आज शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। श्री वेंस का आज रात जयपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। उनका जयपुर में कई एतिहासिक धरोहरों के दौरे के साथ ही राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर–आरआईसी में भारत अमेरिका व्यापार पर एक सत्र में भाग लेने और बिजनस समिट को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

-----

00000

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज सिरोही जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री सिंह आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय शांतिवन में सुरक्षा सेवा प्रभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सेना के जवानों के लिए राष्ट्रीय सेल्फ एम्पॉवरमेंट कैंपेन की शुरूआत करेंगे। इस कैंपेन के तहत देशभर में सेना की 40 डिविजन और 14 कोर में सेल्फ एम्पॉवरमेंट वर्कशॉप और सेमीनार आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य जवानों का आंतरिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण करना है। इसके साथ ही रक्षा मंत्री प्रभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में भी भाग लेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि यमुना जल समझौता शेखावाटी अंचल में पर्याप्त जल उपलब्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद इस क्षेत्र को पेयजल और सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिलेगा। कल पिलानी के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि परियोजना के पहले चरण में सीकर, चूरू, झुंझुनूं और अन्य क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति तथा अन्य आवश्यकता के लिए पानी मिल सकेगा। दूसरे चरण में चूरू और झुंझुनूं जिले में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समझौते को मूर्त रूप देने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मिशन मोड पर काम करते हुए जल्द तैयार की जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि हरियाणा और राजस्थान की टास्क फोर्स की पहली संयुक्त बैठक 7 अप्रेल को हरियाणा के यमुनानगर में हुई। इसमें अलाईनमेंट के क्रम में वास्तविक धरातलीय परीक्षण किये जाने पर प्राथमिक चर्चा की गई। बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित कई मंत्रीगण और अधिकारी मौजूद रहे।

0000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। श्री शेखावत ने कहा कि कुछ लोग वक्फ संशोधन कानून को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। कल बीकानेर में भाजपा के वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति और तुष्टीकरण के लिए वक्फ कानून में 1995 और 2013 में संशोधन किया, जबकि वर्तमान सरकार ने जो कानून बनाया है उससे गरीब मुसलमान के लिए संपत्ति का सही उपयोग हो सकेगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे इस कानून के बारे में मुस्लिम समुदाय में जागरूकता लाये। केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने कल फलौदी में

जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिये कहा।

000

आज सिविल सेवा दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। इधर, प्रदेश में सिविल सेवा दिवस के अवसर पर राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार की शुरूआत की जा रही है। इसका उद्देश्य राज्य सरकार के सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी समाधान में अग्रणी रहने वाले अधिकारियों और विभागों को पहचान देना है। जयपुर में आज होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ये पुरस्कार प्रदान करेंगे। इससे पहले कल जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक सेवकों की एक से बढ़कर प्रस्तुतियां दीं। कार्यकम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू सहित प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी सपरिवार मौजूद रहे।

0000

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि प्रदेश में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए राज्य सरकार जल्दी ही चल विद्यालय शुरू करने जा रही है। इन विद्यालयों के जरिए घुमंतु जातियों के विद्यार्थियों तक शिक्षा की पहुंच बनाई जाएगी। कल चेन्नई में आयोजित राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि चल विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर घुमंतु जाति के बच्चों को प्रवेश देकर उनके ही स्थान पर विद्यालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि वह शिक्षा से जुड़कर अपना भविष्य बना सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 70 हजार से ज्यादा सरकारी विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। ताकि प्रदेश के हर कोने में हर बच्चे को शिक्षा मिले। श्री दिलावर ने प्रवासी राजस्थानियों से भामाशाह के रूप में सहयोग करने की अपील भी की।

0000

बांसवाडा के माही बेक वाटर में इन दिनों राजहंस (फ्लेमिंगो) बडी संख्या में नजर आ रहे है। ये राजहंस हर साल गुजरात के कच्छ से गर्मियों में यहां पंहुचते है। हमारे संवाददाता ने बताया कि फ्लेमिंगो प्रजनन के लिये बांसवाडा के माही को उपयुक्त स्थान मानते है।

......

0000

प्रदेश मे उत्तरी हवाओं के असर से कई स्थानों पर तापमान में और गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राजधानी जयपुर सहित राज्य में कई जगह हल्के और मध्यम बादल छाए रहे। 42 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान के साथ चूरू सबसे गर्म शहर रहा। वहीं कोटा में 29 दशमलव 1 डिग्री के साथ सबसे उष्ण रात रही। बाडमेर में 40 दशमलव 8 और जैसलमेर में 39 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। इन शहरों में पिछले दिनों तापमान 45 डिग्री के पार पंहुच गया था। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में तापमान में फिर से बढोतरी दर्ज होने की संभावना है। पश्चिम राजस्थान के शहरों में भीषण गर्मी के साथ हीटवेव का दौर रहने की आशंका है।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस परीक्षा 2023 के पहले चरण के साक्षात्कार आज से दो मई तक आयोजित किए जाएंगे। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 972 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसका परिणाम आयोग ने दो जनवरी 2025 को घोषित किया था। जिसमें 2 हजार 168 अभ्यर्थी सफल हुए थे।

000